04 दिसम्बर 2017

# (किशोरी बालिका सम्मेलन एवं प्रशिक्षण)

प्रमाणित किया जाता है कि आज दिनांक 04 दिसंबर को महाविद्यालय में कार्यालय जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर (छ0), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जिला के समस्त महा0 में व्यक्तिगत घरेलू शौचालय एवं खुले से शौचमुक्त के विषय में "किशोरी बालिका सम्मेलन" प्रशिक्षण का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सहयोग से किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन तथा NSS के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास की अधिकारी जिला पंचायत विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किशोरी सम्मेलन में बालिकाओं को किशोरी स्वास्थ्य व्यक्तिगत हाइजिन उचित पोषण, शारीरिक परिवर्तनों को समझना शौचालयों का उपयोग एवं रखरखाव पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में NSS के स्वयंसेवकों सहित समस्त छात्रायें एवं महा0 की महिला स्टॉफ उपस्थित रही।

19/1/2018

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
शास. इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय
जि. उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

प्राचार्य
शास. इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय
जिला उ. ब. कांकेर (छ.ग.)

दैनिक भास्कर

रायपुर, शनिवार 30 दिसंबर, [redacted] 2017,


खेल | रासेयो शिविर के चौथे दिन महिलाओं एवं युवतियों के लिए की गई एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता

# अंजनी में महिलाओं के लिए खेल का आयोजन

भास्कर न्यूज|कांकेर

नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा ग्राम अंजनी में आयोजित इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय की रासेयो शिविर के चौथे दिन ग्रामीण महिलाओं एवं युवतियों के लिए एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ग्रामीण महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा।

महिला वर्ग के कुर्सी दौड़ में प्रथम उषा मंडावी, द्वितीय सुरेखा मंडावी, युवती वर्ग कुर्सी दौड़ में प्रथम भारती निषाद, द्वितीय करिश्मा मरकाम, जलेबी दौड़ में प्रथम पुनीता नेताम, द्वितीय सुलोचना धुर्वा, मटका फोड़ में प्रथम जागृति मंडावी, द्वितीय प्रभा वट्टी, चम्मच दौड़ में प्रथम सुलोचना धुर्वा, द्वितीय दुलेश्वरी जैन रही। विजयी प्रतिभागी को नेहरू युवा केंद्र द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के लेखापाल धन्नू लाल साहू, सरपंच उषा मंडावी, राष्ट्रीय युवा कोर लोमेंद्र यादव, किशन साहू, अंजोरी जैन, अजय पटेल, सुनील साहू, लखन मंडावी, कृष्णा साहू, शिवकुमार वट्टी, अरुण यादव, चंद्रशेखर ठाकुर, धरमु नेताम, ओमप्रकाश जैन, पिलसाय वट्टी, माखन साहू आदि उपस्थित थे।



कांकेर। नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा ग्राम अंजनी की स्पर्धा में महिलाओं-युवतियों ने लिया हिस्सा।

नईदुनिया 03
रायपुर, बुधवार 12 दिसंबर 2018

## महिलाओं की शक्ति, सशक्तिकरण और एकता पर दिया गया जोर

# महिला सम्मेलन में क्रीड़ा स्पर्धा से स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

कांकेर। नईदुनिया न्यूज

शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता, स्वास्थ्य व कचरा प्रबंधन पर महिला सम्मेलन व खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। इस जागरूकता महिला सम्मेलन मुख्य आतिथ्य डॉ. आयशा कुरैशी जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना तथा अध्यक्षता सरपंच जागेश्वरी कुंजाम ने की।

उन्होंने स्वच्छता, स्वास्थ्य, पोषण व शौचालय के उपयोग, गंदगी से होने वाली बीमारी व उनके बचाव, नशामुक्ति अभियान, महिलाओं की संगठन शक्ति, महिला सशक्तिकरण, महिलाओं के समाज में स्थान तथा उनकी शिक्षा पर खुल कर चर्चा की। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से कैसे हम स्वच्छता अभियान को तेज कर समाज में अच्छा बदलाव ला सकते हैं तथा समस्त शिविरार्थियों व ग्रामीण महिलाओं को स्वच्छता की शपथ भी उन्होंने दिलाई।



शिविर को विशिष्ट जनों ने भी संबोधित किया।



महिलाओं के बीच हुई मनोरंजक जलेबी दौड़ प्रतियोगिता।

इस सम्मेलन में उच्च शिक्षा विभाग से संस्था प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल, डॉ. प्यारे लाल आदिले, प्राचार्य जेबीडी, डॉ. आरपी टंडन, प्रो. मनोज गोटी, देवीदास किशन मिंजे, राजेन्द्र शोरी, बालमुकुंद देवांगन, सलाहकार भरत पटेल, डॉ. राज सिंह मंडावी, मनीषा रावटे, कार्यकर्ता बुदेश्वरी साहू, पंच, कोटवार कचरा बाई, युवा मंडल, महिला मंडल, भजन मंडली सहभागिता की। गांव की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में स्वयंसेवक रेखा सोम, खिलेन्द्री कश्यप, मनभा सलाम, लोकेश्वरी भुआर्य, दीपिका यादव, नादिरा मंडावी, कविता गोयल, गौरी पोया ने किया। खेलकूद प्रतियोगिता में कुर्सी दौड़, रस्सी खींच, बिस्किट खाओ प्रतियोगिता, मटका फोड़, जाल और मछली प्रमुख है। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम दुर्गेश्वरी मंडावी, द्वितीय रेखा साहू (पंच), जाल और मछली प्रतियोगिता में प्रथम रमा निषाद, द्वितीय खिलेश्वरी यादव, बिस्किट खाओ प्रतियोगिता में प्रथम रेखा साहू, द्वितीय वंदना कोड़ोपी, मटका फोड़ प्रतियोगिता में ग्राम शाहवाड़ा से फुलेश्वरी सेन, गायत्री साहू, रस्सी खींच प्रतियोगिता में प्रथम कन्या महाविद्यालय समूह व द्वितीय शाहवाड़ा महिला समूह रहे। वंदना विश्वकर्मा, दीप्ति सोनी, गायत्री मेश्राम, प्रीति पटेल, डॉ. क्षमा ठाकुर, जीएस बघेल, प्रो. अजय कुमार पटेल आदि उपस्थित थे।

# कांकेर पत्रिका

भानुप्रतापपुर . नरहरपुर . दुर्गुकोंदल . पखांजूर . चारामा . अंतागढ़

35 बजे • सूर्योदय कल सुबह 06:40 बजे

पत्रिका . रायपुर, मंगलवार 1 जनवरी, 2019

तापमान ▲ 26°C 11°C


# गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय महिला आयोग की पहल पर हुई राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**कांकेर.** शासकीय इंदरु केंवट कन्या महाविद्यालय कांकेर में राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार महिलाओं से संबंधित विधिक एवं कानून विषय पर 31 दिसम्बर को महाविद्यालय सभागार में राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस स्पर्धा का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के संवैधानिक और विधिक अधिकारों, हकदारी आदि पर जानकारी प्रचार करने की दृष्टि से महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में प्रतियोगिता के माध्यम से महिलाओं को विधिक अधिकारों के बारे में जानकारी और जागरूकता बढ़ाने किया गया।

बस्तर संभाग से कन्या महाविद्यालय कांकेर में यह राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए आयोग ने चुना था। इस कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सीआर पटेल के स्वागत भाषण के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विधि विभाग के जानकार प्रो. नरेंद्र साहू, पीजी कॉलेज कांकेर ने कहा कि भारतीय दंड संहिता कानून महिलाओं को एक सुरक्षात्मक



**आयोजन...** *राष्ट्रीय महिला आयोग की पहल पर प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं।*

आवरण प्रदान करता है। ताकि समाज में घटित होने वाले विभिन्न अपराधों से वह सुरक्षित रह सकें। भारतीय दंड संहिता में महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों अर्थात हत्या, आत्महत्या के लिए प्रेरण, दहेज मृत्यु, बलात्कार, अपहरण एवं व्यपहरण आदि को रोकने का प्रावधान है। उल्लंघन की स्थिति में गिरफ्तारी एवं न्यायिक दंड व्यवस्था का उल्लेख इसमें किया गया है। आज जरूरत हमको अपने अधिकार और कर्तव्य के बारे में जानकारी रखकर सजग रहने की है। ऐसे ही प्रतियोगिता और जागरुकता कैंपेन से हम सहज और सुगम्य तरीके से अपने संवैधानिक और विधिक अधिकार के बारे में जान सकते हैं। इस जागरुकता गोष्ठी के पश्चात राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता आरंभ हुई। इसमें महाविद्यालय के समस्त विभागों के छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उत्साह पूर्वक प्रतियोगिता में सहभागिता की। प्रतियोगिता में पर्यवेक्षक के रूप में ड्यूटी प्रो. मनोज कुमार, डॉ. क्षमा ठाकुर, प्रो. प्रीति पटेल एवं प्रो. वंदना विश्वकर्मा ने की। प्रश्न पत्र डिस्ट्रीब्यूशन में प्रो. दीप्ति सोनी, प्रो. गायत्री मेश्राम, राजकुमारी गढ़पाले ने सहयोग किया। महाविद्यालय की सीनियर छात्राओं ने विधिक साक्षरता को बहुत ही अच्छा कदम बताया और अपना अनुभव सबके सामने रखा। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना एवं प्रतियोगिता संचालक प्रो. अजय कुमार पटेल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कन्या महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राएं बड़े ही उत्साह पूर्वक भाग लीं। प्रतियोगिता में 75 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए थे। जिसका पुरस्कार वितरण आयोग के निर्देशानुसार प्रतियोगिता के रिजल्ट आने के बाद प्रदान किया जाएगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार 2000, द्वितीय पुरस्कार 1500, तृतीय पुरस्कार 1000 दिया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. बी समुंद, डॉ. आरपी टंडन, प्रो. जेके बारले, प्रो. सुनील साहू, मनीषा नाग, आनंद कावड़े सहित महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक, रेड रिबन क्लब के सदस्य छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

बस्तर जिला

नवभारत www.navabharat.org रायपुर, शनिवार 2 फरवरी, 2019 छत्तीसगढ़

# बेटे की चाहत में कन्या भ्रूण हत्या अपराध

■ नवभारत । कांकेर


बेटे की चाहत में कन्या भ्रूण हत्या की खबर आये दिन अखबार में आती रहती है जो कि चिंतनीय है, अभिशाप है और सामाजिक अपराध है. आज गर्भ में बालिका को मारकर लोग बहू और बेटी से वंचित हो रहे हैं. जरूरत है आज समाज को एक स्वर में कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ आवाज बुलंद करने की. उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान किया कि कोई भी कार्यक्रम में योजना बनाते समय बच्चों की सहभागिता एवं उनकी विचार को शामिल करना सुनिश्चित करें. उक्त बातें यूनीसेफ सर्वे के समन्वयक प्रो. अजय कुमार पटेल कार्यक्रम अधिकारी शासकीय इन्दू केंवट कन्या महाविद्यालय कांकेर ने ग्राम संपर्क अभियान सुरक्षित पारा, सुरक्षित लईकामन के तहत यूनीसेफ, राष्ट्रीय सेवा योजना और छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग नया रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित युवा सम्मेलन में



कही. ग्राम संपर्क अभियान सर्वे के अंतिम दिवस खपरापारा, भीरावाही, सिदेसर के शासकीय विद्यालय, आंगनवाड़ी, उपस्वास्थ्य केंद्र, युवा मंडल, महिला मंडल, स्वसहायता समूह, भजन मंडली, मतदाता क्लब इत्यादि संस्थानों एवं डोर टू डोर भ्रमण कर बाल संरक्षण एवं पोषण के संबंध में उचित जानकारी ली गयी. खासकर गांव में बाल अधिकार, कुपोषण, एचआइव्ही एड्स, स्वच्छता, खेलने से वंचित करना, ड्राप आउट चिल्ड्रन, बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या, गभपात, बाल मजदूरी, बच्चों पर हिंसा एवं अत्याचार, बच्चों को जबरन पैसे के लालच में बेच देना या गिरवी रखना, बंधुआ मजदूर बनना, मानव तस्करी इत्यादि विषय पर जानकारी इकठ्ठा कर जागरूक करना मुख्य फोकस रहा. जागरूकता के क्रम में ग्रामीणजन एवं बच्चों के रैली, नुक्कड़ नाटक, खेल के माध्यम से उनके अधिकारों को रूबरू कराना, घर में, विद्यालय परिसर में, समाज में उनके अधिकार, कर्तव्य एवं दायित्व के साथ ही विभिन्न एक्टिविटी के माध्यम से उनको प्रक्टिकली अनुभव कराना शामिल रहा. कन्या महाविद्यालय के रासेयो ग्रुप लीडर छात्राओं अनुराधा, नीता, पेमिका, निशा, बरखा, निरूपा, हीना, जानकी, खुशबू, जमुना इत्यादि की नुक्कड़ जागरूकता नाटक को भीरावाही ग्राम सरपंच संगीता कोमरा, उपसरपंच उत्तम जैन एवं सचिव तिलक साहू ने खूब सराहना की एवं इस अभियान को बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए बेहतरीन कदम बताया साथ तुरंत बाल संरक्षण समिति गठित करने की घोषणा की एवं बच्चों की अधिकारों के लिए हर संभव मदद करने का विस्वास दिलाया. इसी सर्वे के दौरान संस्था द्वारा गांधीजी के पुण्य तिथि को कुष्ठ के प्रति जागरूकता भी फैलाई गयी एवं बापू द्वारा बनाये गए सिद्धांतों पर चलने को प्रेरित किया गया. इस सम्पूर्ण कार्यक्रम का नेतृत्व एवं निर्देशन प्रो. दीप्ति सोनी एवं कार्यक्रम अधिकारी सत्यनारायण जैन ने किया.

# रक्षा टीम ने छात्राओं को किया जागरूक गुड टच-बैड टच के बारे में दी जानकारी

## पुलिस की रक्षा संवेदना टीम की महिला आरक्षकों ने इंदरू केंवट कन्या कॉलेज में किया आयोजन



इंदरू केंवट शासकीय कन्या कॉलेज में आत्मसुरक्षा के लिए जागरूक कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं।



कांकेर छात्राओं को आत्मरक्षा के टिप्स बतातीं रक्षा टीम की सदस्य।

भास्कर न्यूज़|कांकेर

पुलिस की रक्षा संवेदना टीम की महिला आरक्षकों ने इंदरू केंवट शासकीय कन्या कॉलेज में आत्मसुरक्षा के लिए जागरूक करने कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें वुमेन हेल्पलाइन नंबर, वेब डेस्क, गुड टच-बैड टच की जानकारी छात्राओं को दी गई।

महिला आरक्षक सरोज मंडावी एवं उनके साथियों ने छात्राओं को गुड टच-बैड टच की जानकारी देकर बचाव के गुर सिखाए। आजकल सोशल मीडिया फेसबुक, व्हाट्सएप, ईमेल, इंटरनेट, चैटिंग मैसेज द्वारा लड़कियों को ब्लैकमेलिंग करने से बचाव के तरीके बताए। टीम ने आत्मरक्षा के बहुत से स्टेप प्रैक्टिकल करके बताए। छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर डायल 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और 181, 100 नंबरों की जानकारी दी। इस दौरान टीम की अंजू कड़ावी, दिव्या बट्टी, पद्मिनी साहू, ममता टांडिया आदि उपस्थित थे।

## कुरेनार स्कूल की छात्राओं को बताए आत्मरक्षा के गुर

पखांजूर|बांदे थाना की रक्षा टीम ने धुरनक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम कुरेनार के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं को छेड़छाड़, अभद्र टिप्पणी से बचाव, गुडटच-बैड टच की जानकारी दी। इसके साथ ही आत्मरक्षा के लिए अपने पास रखे सामानों को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने का तरीका बताया गया। टीम के सदस्यों ने छात्राओं को इसका अभ्यास भी कराया।



पखांजूर। कुरेनार स्कूल में छात्राओं को दी गई सुरक्षा की जानकारी।

# गर्ल्स कॉलेज में नारी सशक्तिकरण पर लगी प्रदर्शनी और कार्यशाला




प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि व बच्चे।

**कांकेर। नईदुनिया न्यूज**

शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय में नारी सशक्तिकरण पर आधारित ऐतिहासिक दुर्लभ वस्तुओं की संग्रह प्रदर्शनी व कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी कार्यशाला में प्राचार्य डॉ. सीआर पटेल, डॉ. दीपाली राव, डॉ. अल्पना देशपाण्डे उपस्थिति थे। कार्यशाला व प्रदर्शनी की शुरुआत ज्ञानदायिनी मां सरस्वती में छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इस प्रदर्शनी में भिलाई महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ. अल्पना देशपांडे ने नारी सशक्तिकरण आधारित संग्रह प्रदर्शनी में ऐतिहासिक सिक्के, सात देशों की करेंसी, मेघदूत पोस्टकार्ड, स्टैंप, ऐतिहासिक नारियों की फोटोग्राफ की रिंग्स, मिनिएचर, शीट आदि का दो हजार से ज्यादा संग्रह प्रदर्शनी दिखाई। प्रो. अजय पटेल व छात्राओं द्वारा शरीर क्रिया विज्ञान, टीचिंग एड, फूड प्रोडक्ट्स, फ्लावर डेकोरेशन, सीविंग एंड वीविंग, टाई एंड डाई, पोस्टर, बेस्ट ऑफ वेस्ट मटेरियल की मनमोहक प्रदर्शनी भी रखी।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सीआर पटेल ने भी विभिन्न कालों के मुद्राओं के युग पर बस्तर विषयक ऐतिहासिक व्यख्यान दिया। कार्यक्रम में प्रो. बी समुंद, डॉ. आरपी टंडन, प्रो. सुनील साहू, प्रो. डीआर टंडन, प्रो. मनोज गोटी, ग्रंथपाल डॉ. क्षमा ठाकुर, प्रो. जीएस बघेल, प्रो. आरके नागवंशी, प्रो. प्रीति पटेल, प्रो. वंदना विश्वकर्मा, प्रो. दीप्ति सोनी, प्रो. गायत्री मेश्राम, एमके यादव, मनीषा नाग, द्वारिका नेताम, महेश नेताम, आनंद कावड़े, शिवलाल नेताम, प्रो. प्रताप चौधरी, प्रो. भुवनेश्वर कंवर, डॉ. मिथिलेश सिन्हा आदि उपस्थित थे।

नवभारत
रायपुर, रविवार 13 अक्टूबर 2019
www.navabharat.org



Follow as on @navabharatcg




# बालिका दिवस मनाया गया

नवभारत | कांकेर.
www.navbharat.org

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा होम साइंस डिपार्टमेंट शासकीय इन्दरु केंवट कन्या महाविद्यालयमें विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसका मुख्य उद्देश्य के बारे में कार्यक्रम अधकारी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण और उन्हें उनके अधिकार प्रदान करने में मदद करना, ताकि दुनिया भर में उनके सामने आने वाली चुनौतियों का वे सामना कर सकें और अपनी जरूरतों को पूरा कर सकें. साथ ही दुनिया भर में लड़कियों के प्रति होने वाली लैंगिक असामानताओं को खत्म करने के बारे में जागरूकता फैलाना भी है. संस्था प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल ने 2019 के थीम अनस्क्रिप्टेड और अनस्टॉपिबल पर संबोधित करते हुए बताया कि महिलाओं ने लैंगिक और प्रजनन स्वास्थ्य अधिकारों से लेकर समान वेतन तक के मुद्दों पर वैश्विक आंदोलनों का नेतृत्व किया है. आज ज्यादातर लड़कियां स्कूल जाने लगी हैं, पढ़ाई पूरी कर रही हैं. अपने कैरियर पर फोकस कर रही हैं. अब उनको कम उम्र में शादी करने के लिए भी फोर्स नहीं किया जा रहा है. इसके लिए कई आंदोलनों का विस्तार हुआ है. इन आंदोलनों को किशोर लड़कियों के लिए और बाल विवाह, शिक्षा असमानता, लिंग आधारित हिंसा, जलवायु परिवर्तन, आत्म-सम्मान, और लड़कियों के अधिकारों से संबंधित मुद्दों से निपटने और मासिक धर्म के दौरान पूजा स्थलों या सार्वजनिक स्थानों पर प्रवेश करने के लिए आयोजित किया जा रहा हैं. लड़कियां यह साबित कर रही हैं कि वे अलिखित और अविरल हैं.

# निकाली बाल जागरूकता रैली और गोष्ठी का हुआ आयोजन




कांकेर। छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली।

**कांकेर|** इंदरू केंवट शासकीय कन्या महाविद्यालय के एनएसएस छात्राओं ने सुरक्षित पारा, सुरक्षित लईकामन के बाल अधिकार एवं संरक्षण विषय को लेकर जागरूकता महारैली निकली। रैली का ग्राम पंडरीपानी के आंगनबाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक शाला भवन से शुरू कर मैन रोड से होते हुए माटवाड़ा के पंचायत भवन, प्राथमिक शाला भवन, मुख्य गली, डुमाली का भ्रमण किया।

ग्राम संपर्क अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुमाली में हमारा कर्तव्य एवं दायित्व विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें मुख्य मुद्दे जैसे बच्चा कौन है, सुरक्षा का अधिकार पर चर्चा की गई। बच्चों से प्रेरक प्रसंग, गीत, कहानी, प्रश्नोत्तर इन विषयों पर पूर्व में घटित घटना या आपबीती को साक्षात उदाहरण रखकर बाल अधिकार को कैसे पालन करें इस बारे में विशेष समीक्षा की गई। गोष्ठी में डूमाली सरपंच सरिता शोरी, माटवाड़ा सरपंच गणेश धुरव, सोहन पटेल, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी बोधन सोनवानी, सतीश चंद्र प्रसाद, कुमार मंडावी आदि उपस्थित थे।